# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक – 25.05.2026 (संध्या–1900 बजे)

### मुख्य समाचार

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 66 हस्तियों को पद्म पुरस्कारों से नवाजा, अभिनेता धर्मेंद्र को मरणोपरांत मिला पद्म विभूषण।
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने की वित्त और जल संसाधन विभाग की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक, राजस्व संग्रह बढ़ाने के लिए तकनीक के उपयोग पर दिया जोर।
- देवघर एम्स का 8वां स्थापना दिवस संपन्न, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और सांसद निशिकांत दुबे ने स्वास्थ्य सुविधाओं को सराहा।
- मौसम विभाग ने राज्य के 11 जिलों में अगले दो दिन आंधी–बारिश का ऑरेंज अलर्ट किया जारी, कई हिस्सों में लू का भी प्रकोप।
- रांची में चल रही राष्ट्रीय सीनियर एथलेटिक्स फेडरेशन कप प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का ऐतिहासिक प्रदर्शन, अब तक 12 एथलीटों ने पक्का किया कामनवेल्थ गेम्स का टिकट।

**********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज राष्ट्रपति भवन में 66 हस्तियों को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया। इनमें दो को पद्म विभूषण, छह को पद्म भूषण और 58 को पद्म श्री दिए गए। दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र को मरणोपरांत पद्म विभूषण मिला, जिसे उनकी पत्नी हेमा मालिनी ने लिया। वायलिन वादक डॉ. एन. राजम को भी पद्म विभूषण मिला। पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी को पद्म भूषण और महिला क्रिकेट कप्तान हरमनप्रीत कौर को पद्म श्री से नवाजा गया। समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद थे।

**********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज झारखंड मंत्रालय में दो उच्च स्तरीय समीक्षा बैठकें संपन्न हुईं। पहली बैठक में वित्त और वाणिज्य–कर विभाग के साथ राज्य की वित्तीय स्थिति और राजस्व संग्रह बढ़ाने पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने बजट को सही तरीके से लागू करने और कमाई बढ़ाने के लिए नई तकनीक का उपयोग करने के सुझाव दिए। वहीं दूसरी बैठक में जल संसाधन विभाग की संचालित योजनाओं, सिंचाई परियोजनाओं और पाइपलाइन के माध्यम से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कराने जैसे कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने सभी काम समय पर पूरे करने के निर्देश दिए।

**********************

देवघर एम्स ने आज अपना 8वां स्थापना दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया। समारोह में मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और सांसद निशिकांत दुबे शामिल हुए। केंद्रीय मंत्री ने एम्स की विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं की सराहना की। इस अवसर पर चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले डॉक्टरों और कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया।

**********************

इससे पहले भाजपा सांसद डॉ. निशिकांत दुबे ने आज देवघर एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत के दौरान विपक्ष पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल बांग्लादेशियों को भारत का वोटर बनाना चाहते हैं, लेकिन भाजपा ऐसा कभी नहीं होने देगी।

**********************

गिरिडीह नगर निगम के बोर्ड की दूसरी बड़ी बैठक आज नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार की अध्यक्षता में पूरी हुई। इस बैठक में राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद, मेयर प्रमिला मेहरा, डिप्टी मेयर सुमित कुमार और सभी वार्ड पार्षद शामिल हुए। मौके पर नगर विकास मंत्री ने कहा कि शहर के विकास के लिए अधिकारियों और जनता के प्रतिनिधियों के बीच तालमेल होना बहुत जरूरी है।

**********************

ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने रांची के राज्य ग्रामीण विकास संस्थान में आई–गॉट कर्मयोगी पोर्टल की राज्य स्तरीय कार्यशाला का उद्घाटन किया है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य सरकारी अधिकारियों और कर्मियों के कौशल विकास को बढ़ावा देना और सुशासन को मजबूत करना है। मौके पर मंत्री ने कहा कि इस

डिजिटल लर्निंग और लगातार ट्रेनिंग के माध्यम से सरकारी योजनाओं को जमीन पर बेहतर तरीके से लागू किया जा सकेगा।

**********************

लोहरदगा के सलगी चुल्हापानी में आज दामोदर महोत्सव–2026 का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने दामोदर नदी के उद्‌गम स्थल पर पूजा–अर्चना की। उन्होंने कहा कि प्रकृति की गोद में आकर उन्हें बहुत खुशी मिल रही है। राज्यपाल ने इलाके की पुरानी संस्कृति और धार्मिक पहचान को बचाने पर जोर दिया।

**********************

केन्द्र सरकार के एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के अंतर्गत राज्य के 50 छात्रों का एक दल मध्य प्रदेश के लिए रवाना हो गया है। इन छात्रों को धनबाद स्थित आईआईटी आईएसएम से आईआईटी इंदौर भेजा गया है। आईआईटी आइएसएम के निदेशक प्रो. सुकुमार मिश्रा ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को वहां की संस्कृति, शिक्षा और परंपराओं को करीब से समझने का अवसर मिलेगा।

**********************

प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष रमा खालखो ने आज धनबाद के सर्किट हाउस में जिला महिला कांग्रेस कमिटी के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में संगठन को मजबूत करने और आने वाले चुनावों को लेकर चर्चा हुई। रमा खालखो ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि महिला आरक्षण बिल पास होने के बाद भी सरकार परिसीमन का बहाना बनाकर इसे टाल रही है।

**********************

राज्य सरकार ने ईद–उल–जोहा यानी बकरीद के अवसर पर घोषित सरकारी छुट्टी की तारीख में बदलाव की अधिसूचना जारी की है। अब राज्य सरकार के सभी कार्यालयों और संस्थानों में 28 मई को बकरीद की आधिकारिक छुट्टी रहेगी। इससे पहले यह अवकाश 27 मई को तय किया गया था।

**********************

गिरिडीह पुलिस ने खंडोली मोड़ से अपहृत तस्लीम अंसारी को 24 घंटे में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जंगल से सुरक्षित छुड़ा लिया है। एसपी डॉक्टर विमल कुमार ने बताया कि अपराधियों ने 10 लाख रुपये फिरौती मांगी थी।पुलिस ने एसआईटी गठित कर 5 अपहरणकर्ताओं को गाड़ी और मोबाइल के साथ गिरफ्तार कर लिया है।

**********************

राज्य में मौसम का दोहरा रूप देखने को मिल रहा है। एक तरफ जहां राज्य में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है, वहीं मौसम विभाग ने राज्य के 11 जिलों गढ़वा, पलामू, लातेहार, चतरा, देवघर, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ और साहिबगंज में अगले दो दिनों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इन इलाकों में तेज आंधी के साथ बारिश और बिजली गिरने की आशंका जताई गई है। दूसरी ओर राज्य के कई हिस्सों में भीषण गर्मी का असर बना हुआ है। डाल्टनगंज 44 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ सबसे गर्म शहर दर्ज किया गया है।

**********************

रांची के बिरसा मुंडा स्टेडियम में चल रही राष्ट्रीय सीनियर एथलेटिक्स फेडरेशन कप प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने नया इतिहास रच दिया है। शानदार प्रदर्शन के दम पर गुरिंदर सिंह, अनिमेष कुजूर, रवीना और सीमा सहित कुल 12 एथलीटों ने अब तक आगामी कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए क्वालीफाई कर लिया है। इस बीच आज महिलाओं के 500 मीटर दौड़ में रिलायंस की सीमा ने शीर्ष स्थान हासिल किया है। पुरुष वर्ग की 500 मीटर दौड़ में कर्नाटक के शिवाजी परशुराममा ने पहला स्थान प्राप्त किया है।

**********************

लखनऊ में आयोजित दूसरी अखिल भारतीय बैडमिंटन और टेबल टेनिस क्लस्टर प्रतियोगिता में झारखंड पुलिस के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल दिखाते हुए राज्य के लिए कई कांस्य पदक अपने नाम किए हैं।

********समाप्त********